कार्यालय : प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय मुवानी, पिथौरागढ़
Mobile No.-7500071678/9412926835
E-Mail-gdcmuwani@gmail.com
Website:www.gdcmuwani.in

## शैक्षणिक सत्रः 2025–26

### एंटी–रैगिंग संबंधी वार्षिक प्रतिवेदन
### (ANNUAL REPORT ON ANTI-RAGGING: 2025-26)

**1. प्रस्तावनाः**

महाविद्यालय विद्यार्थियों को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं रैगिंग–मुक्त शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। महाविद्यालय परिसर में रैगिंग की रोकथाम हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) एवं अन्य संबंधित नियामक निकायों द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन किया जाता है।

**2. एंटी–रैगिंग समिति एवं प्रकोष्ठः**

महाविद्यालय में रैगिंग की रोकथाम एवं शिकायतों के निवारण हेतु एंटी–रैगिंग समिति/प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। समिति द्वारा समय–समय पर विद्यार्थियों को रैगिंग के दुष्परिणामों तथा इसके संबंध में लागू नियमों एवं दंडात्मक प्रावधानों की जानकारी दी जाती है।

**3. रैगिंग की रोकथाम हेतु किए गए प्रमुख कार्यः**

शैक्षणिक सत्र 2025–26 के दौरान महाविद्यालय द्वारा निम्नलिखित गतिविधियाँ एवं उपाय किए गए।

1. विद्यार्थियों को रैगिंग निषेध संबंधी UGC के दिशा–निर्देशों से अवगत कराया गया।
2. नवप्रवेशित विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को रैगिंग के संबंध में जागरूक किया गया।
3. विद्यार्थियों से रैगिंग न करने संबंधी शपथध्अंडरटेकिंग प्राप्त की गई।
4. महाविद्यालय परिसर में रैगिंग–विरोधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।
5. रैगिंग के विरुद्ध पोस्टर, नोटिस एवं सूचना प्रदर्शित की गई।
6. विद्यार्थियों को रैगिंग की शिकायत करने हेतु उपलब्ध शिकायत एवं सहायता तंत्र की जानकारी दी गई।
7. शिक्षकों एवं कर्मचारियों द्वारा परिसर में विद्यार्थियों की गतिविधियों पर आवश्यक निगरानी रखी गई।
8. विद्यार्थियों को आपसी सम्मान, सहयोग एवं सौहार्दपूर्ण व्यवहार के लिए प्रेरित किया गया।

**4. रैगिंग से संबंधित मामलों की स्थिति:**

**शैक्षणिक सत्र 2025–26** के दौरान महाविद्यालय के अभिलेखों के अनुसार रैगिंग से संबंधित निम्न स्थिति रही है।

| क्रम संख्या | विवरण | संख्या |
|---|---|---|
| 1. | रैगिंग की प्राप्त शिकायतें | शून्य |
| 2. | रैगिंग के प्रमाणित मामले | शून्य |
| 3. | अनुशासनात्मक कार्रवाई के मामले | शून्य |
| 4. | पुलिस को संदर्भित मामले | शून्य |
| 5. | UGC/ अन्य प्राधिकरण को रिपोर्ट किए गए मामले | शून्य |

**5. निष्कर्ष एवं घोषणा:**

महाविद्यालय के उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार **शैक्षणिक सत्र 2025–26** के दौरान महाविद्यालय में रैगिंग की कोई शिकायत/घटना दर्ज नहीं हुई।

महाविद्यालय भविष्य में भी रैगिंग की पूर्ण रोकथाम तथा विद्यार्थियों को सुरक्षित, भयमुक्त एवं स्वस्थ शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

यह वार्षिक प्रतिवेदन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) एवं अन्य संबंधित नियामक निकायों को आवश्यक सूचना एवं अभिलेख हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है।

(डॉ0 गिरीश चन्द्र पन्त)
प्राचार्य,
राजकीय महाविद्यालय मुवानी,
पिथौरागढ़।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय मुवानी
पिथौरागढ़ (उत्तराखण्ड)

डॉ0 सुधीर कुमार
नोडल अधिकारी –एण्टी रैगिंग प्रकोष्ठ
राजकीय महाविद्यालय मुवानी,
पिथौरागढ़।